# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–13 जून 2025** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह गुजरात के अहमदाबाद सिविल अस्पताल गए और एयर इंडिया विमान दुर्घटना के घायलों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अहमदाबाद में हुए हवाई हादसे से पूरा देश स्तब्ध है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। श्री मोदी ने दुर्घटना स्थल का भी दौरा किया और वहां पर बचाव कार्यों में लगे अधिकारियों और अन्य लोगों से मुलाकात कर स्थिति का जायजा लिया। बाद में प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। वे हादसे में मारे गए गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के परिजनों से भी मिले।

प्रधानमंत्री ने दुर्घटना में बचे एक मात्र यात्री भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक विश्वास कुमार रमेश से अस्पताल जाकर मुलाकात की। विश्वास ने दुर्घटना से जुडे अनुभव के बारे में प्रधानमंत्री को बताया।

इस बीच, विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान हादसे की औपचारिक जांच शुरू कर दी है। एक रिपोर्ट–

**नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने बताया कि जांच अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन की निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप की जाएगी। एयर इंडिया ने अहमदाबाद से लंदन जा रहे विमान की दुर्घटना में 241 लोगों की मृत्यु होने की पुष्टि की है। इस हादसे में प्रदेश के आगरा जिले के अकोला निवासी दंपति की भी मृत्यु हुई है। विमान कल दिन में अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। विमान में यात्री और चालक दल सहित कुल 242 लोग सवार थे। यात्रियों में भारत के 169, ब्रिटेन के 53, पुर्तगाल के सात और कनाडा का एक नागरिक था। आकाशवाणी समाचार कक्ष से मैं वेद प्रकाश पाठक।**

**********

अहमदाबाद विमान हादसे के बाद पूरे देश में शोक का माहौल है। प्रदेश के कई अलग अलग संगठन हादसे के शिकार लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए उनके परिजनों के प्रति संवेदना जता रहें हैं। इसी क्रम में आज लखनऊ की मस्जिदों में जुमे की नमाज के बाद विमान हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के अध्यक्ष खालिद रशीद फरंगी महली ने भी जुमे की नमाज के बाद दुआ की।

**जो लोग मारे गये हैं उनके घरवालों के साथ हम लोग अपनी पूरी हमदर्दी का इजहार करते हैं। और उनके घरवालों को ऊपरवाला सब्र अदा फरमाए। उसकी भी हम लोग दुआ करते हैं।**

वाराणसी जिले में नमामि गंगे ने महर्षि योगी वेद विज्ञान विद्यापीठ के परिसर में वेदपाठी बटुकों के साथ शांति पाठ कर अहमदाबाद विमान हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि दी। सभी लोगों ने बाबा विश्वनाथ से प्रार्थना की कि ऐसे हादसे की पुनरावृत्ति कभी न हो। नमामि गंगे के काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला ने हादसे के जांच की मांग की।

**********

गोरखपुर से लखनऊ का सफर अब और सरल और सुगम हो जाएगा। इसके लिए गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे बन कर तैयार हो गया है। यह गोरखपुर जिले को सीधे पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से जोड़ेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सत्रह जून को इसका लोकार्पण करेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इक्यानवे किलोमीटर लंबे इस लिंक एक्सप्रेस वे के दोनों तरफ इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को भी बसाया जा रहा है। इसकी शुरूआत से न सिर्फ गोरखपुर से लखनऊ की दूरी कम समय में पूरी की जा सकेगी, बल्कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास को भी गति मिलेगी।

**********

कुशीनगर जिले के तमकुही क्षेत्र के रजवटिया गांव में बहत्तर एकड़ में बहुद्देश्यीय मॉडल हब बनाया जाएगा। यह जानकारी वहां के जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने दी। उन्होंने बताया कि हब के बनने से सीमावर्ती गांवों का विकास होगा। साथ ही स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नये अवसर उपलब्ध होंगे। विभिन्न सुविधाओं वाले बहुद्देश्यीय मॉडल हब से स्थानीय स्तर पर रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा।

**********

इक्कीस जून को मनाए जाने वाले अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में सप्ताह भर योग से जुड़ी सैद्धांतिक और व्यावहारिक गतिविधियों का आयोजन होगा। यह जानकारी आज मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ ने दी। उन्होंने बताया कि योग शिविर और कार्यशाला की शुरूआत पंद्रह जून से होगी। समस्त गतिविधियों का आयोजन गोरक्षपीठाधीश्वर और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में हो रहा है।

**********

प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी इलाकों में आज दिन में हुई बारिश से लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली। गोरखपुर जिले में सुबह से तेज धूप और उमस से जनजीवन प्रभावित रहा, हांलाकि दोपहर बाद गरज चमक के साथ हुई बारिश से लोगों ने राहत की सांस ली। बदायूं जिले के अधिकांश इलाकों में मध्यम से लेकर तेज बारिश का क्रम जारी रहा। अमरोहा जिले में सुबह से ही बादल छाने लगे और दोपहर बाद तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। पीलीभीत जिले समेत प्रदेश के कई अन्य जिलों से भी बारिश के समाचार मिले हैं। इस बीच, मौसम विज्ञान विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में आज और कल कहीं कहीं, पंद्रह और सोलह जून को कुछ स्थानों पर, जबकि सत्रह जून से उन्नीस जून तक अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने और बारिश की संभावना व्यक्त की है।

**********